प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
15.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

निकाय चुनाव

प्रदेश में 51 शहरी निकायों के लिए 17 मई को होने वाले मतदान के लिए आज खुलेआम चुनाव प्रचार समाप्त हो गया है। प्रचार के अंतिम दिन आज दोनों प्रमुख दलों भाजपा व कांग्रेस ने चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंकी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज सोलन में चुनाव प्रचार किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने दावा किया कि प्रदेश के चारों नगर निगमों में कांग्रेस पार्टी की स्थिति बेहतर है। उन्होंने कहा कि सोलन शहर की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। दूसरी ओर पूर्व केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने भी आज सोलन में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर झूठे वायदे कर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि सोलन सहित राज्य के अन्य स्थानों पर शहरी निकाय चुनावों में भाजपा की जीत होगी।

अनुराग शर्मा

राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने नगर निगम धर्मशाला और पालमपुर में कांग्रेस पार्टी की जीत का दावा किया है। धर्मशाला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में इन दोनों शहरों को आधुनिक बनाने का रोड मैप तैयार किया है। अनुराग शर्मा ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में बच्चों व युवाओं के लिए डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएगी और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष पार्क विकसित किए जाएंगे।

प्रधान–ब्रिफिंग

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि विद्यार्थी सरकार की प्राथमिकता है और सरकार उनके लिए संवेदनशील है। उन्होंने आज नई दिल्ली में बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने नीट–यूजी 2026 परीक्षा 21 जून को दोबारा आयोजित करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को 14 जून तक प्रवेश कार्ड उपलब्ध करा दिए जाएंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान में ओ.एम.आर. मोड में आयोजित होने वाली नीट–यूजी परीक्षा अलगे वर्ष से कम्प्यूटर आधारित यानी सी.बी.टी. माध्यम से होगी। उन्होंने कहा कि एन.टी.ए. में ठोस सुधारों की जरूरत है। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भविष्य में किसी भी तरह की अनियमितताओं को रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने संबंधी उपाय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार नहीं चाहती कि कोई भी योग्य विद्यार्थी फर्जी उम्मीदवारों की धांधली या शिक्षा माफिया की साजिशों के कारण अपने अधिकारों से वंचित हो जाए।

नामांकन वापसी

प्रदेश में 26, 28 और 30 मई को होने वाले पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों के लिए भरे गए नामांकन पत्रों को वापिस लेने का आज अंतिम दिन था। राज्य में बड़ी संख्या में प्रत्याशियों ने अपने नाम वापिस लिए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशियों को आज ही चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए गए हैं। राज्य में इस बार पंचायत चुनाव 3 चरणों में करवाए जा रहे हैं। पंचायत प्रधान, उप–प्रधान और वार्ड सदस्यों के चुनाव परिणाम मतदान वाले दिन ही घोषित किए जाएंगे, जबकि पंचायत समिति और ज़िला परिषद सदस्यों के मतों की गणना 31 मई को की जाएगी। प्रदेश में कई ऐसी पंचायतें हैं, जो निर्विरोध चुनी गई हैं। सोलन विकास खंड की भोजपुर पंचायत भी निर्विरोध चुनी गई है।

....